इनमें गरीब और पिछड़े वर्ग के लोग भी आसानी से अपने सीमित साधनों से अपने बच्चों को शिक्षा दिला सकें ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा):

(क) से (ङ) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (रा०शि०नी०), 1986 में देश भर में सामान्य स्कूल प्रणाली आरम्भ करने की सिफारिश की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 की समीक्षा के लिए 1990 में सरकार द्वारा गठित राममूर्ति समिति ने देश भर में सामान्य स्कूल पद्धति आरम्भ करने के संबंध में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में की गई सिफारिश को दोहराया है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में यह भी सिफारिश की गई है कि एक राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली की स्थापना की जाए, जिसमें प्रदत्त स्तर पर, किसी भी जाति, धर्म, स्थान अथवा लिंग के सभी छात्रों को एक तुलनात्मक कोटि की शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार होगा। देश के सभी स्कूलों में स्तरों की व्यापक सामान्यतया को निम्नलिखित तरीकों से बरकरार रखा जाएगा :—

(i) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद् द्वारा प्रकाशित प्रारम्भिक तथा माध्यमिक शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम संरचना के आधार पर तैयार किए गए विस्तृत समान पाठ्यक्रम/ पाठ्यपुस्तकों को सभी विद्यालयों में सुलभ कराना।

(ii) सभी स्कूलों द्वारा अपने छात्रों को सम्बद्ध राज्य बोर्ड, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अथवा भारतीय स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद् जैसी भी स्थिति हो, से सम्बद्ध बोर्ड परीक्षाओं के लिए भेजना तथा इस प्रकार राष्ट्रीय पाठ्यक्रम संरचना के आधार पर तैयार तथा सम्बद्ध बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम/ पाठ्यपुस्तकों का अनुसरण करना।

(iii) केन्द्र द्वारा प्रायोजित कई योजनाओं तथा कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूलों में भौतिक सुविधाओं तथा अन्य शैक्षिक निवेशों में सुधार करना। इस समय देश के विभिन्न भागों में 346 नवोदय विद्यालय कार्य कर रहे हैं तथा गरीब एवं पिछड़े बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा कर रहे हैं।

Universalisation of sports

2940. SHRI SANATAN BISI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state.

(a) what are the steps being taken by Government to Universalise the Sports; and

(b) whether Government are taking any steps to provide nutritous food to the sports talents at the school level?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS) (SHRI MUKUL WASNIK): (a) To universalise sports, Government are taking the following steps:—

(i) Making Sports and Physical Education an essential and compulsory part of the academic syllabus from the primary stage upwards.

(ii) Creation of basic sports infrastructure and effective utilisation thereof.

(iii) providing young talented sportspersons with necessary training and competitive facilities both in schools and colleges.

(iv) Evolving a package of concessions and incentives to students pursuing sports in schools, colleges and universities.

(v) Ensuring easy and inexpensive availability of sports goods.

(vi Strengthening organisational pattern of rural sports tournament.

(vii) Providing assistance to rural schools and rural sports clubs/centres for development of playfields and purchase of sports equipment.

(b) Yes, Sir. Under the schemes namely, National Sports Talent Contest, Boys Sports Companies in the Army, Special Area Games and Sports Hostel, Sports Authority of India is providing board and lodging facilities to selected talented sportspersons. Under these schemes, it is ensured that a well balanced nutritious diet is given to the trainees.

गुजरात में लंबित खनन परियोजनायें

2941. **श्री चिनतभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या **खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात में कुछ खनन परियोजनाएं लम्बित पड़ी हैं और क्या इनके कार्यान्वयन में विलम्ब के कारण इनकी लागत में वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो इन परियोजनाओं के नाम क्या हैं और इनके कार्यान्वयन में विलम्ब के क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार द्वारा इन परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए क्या कदम उठाये जाने का विचार है ?

खान मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री बलराम सिंह यादव):

(क) गुजरात में खान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की कोई खनन परियोजना नहीं है । इसलिए परियोजना कार्यान्वित करने में लागत बढ़ने का प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Production and Export of Aluminium

2942. SHRI G. PRATHAPA REDDY:
SHRI T. VENKAT RAM REDDY:

Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) the total production of Aluminium during the last three years, year-wise; and

(b) the total exports during the last three years, year-wise?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) and (b) The total production of Aluminium metal in the country and export of the metal and its secondary products during the last three years is indicated below:

(Unit: tonnes)

Year	Production	Export
1991-92	5,13,951	72,871
1992-93	4,84 913	1,13,093
1993-94	4,64,718	81,831